मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

आवश्यक सूचना

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत डिजीशक्ति वेबपोर्टल पर छात्र-छात्राओं के डाटा की डुप्लीकेसी रोकने हेतु उ0प्र0 शासन के निर्देश के क्रम में पोर्टल पर पंजीकृत छात्र-छात्राओं का आधार प्रमाणीकरण किया जाना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय स्तर से लॉक किये गये लाभार्थियों के डिजीशक्ति पोर्टल पर पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एक एसएमएस के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण हेतु लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण हेतु पंजीकृत छात्र-छात्राओं द्वारा डिजीशक्ति वेबसाईट (https://digishakti.up.gov.in) पर उपलब्ध ''e-KYC through Meri Pahchan Portal'' लिंक पर क्लिक किया जाना होगा। जिस पर छात्र-छात्रा द्वारा ''Search Student Details'' पेज पर अपना वांछित विवरण यथा विश्वविद्यालय का नाम एवं एनरालमेंट नम्बर भरकर अपना नाम सर्च किया जाना होगा। नाम प्रदर्शित होने पर ''e-Pramaan Meri Pahchan Portal'' पर स्वयं को पंजीकृत कर e-KYC सम्पन्न करना होगा। छात्र-छात्रा द्वारा अपने आधार में पंजीकृत मोबाईल नम्बर अथवा ई-मेल आई0डी0 पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण किया जाना होगा। आधार प्रमाणीकरण होने के उपरान्त ''Search Student Details'' पेज पर पुनः सर्च कर आधार प्रमाणीकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अतएव उक्त योजना के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त छात्र-छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विधि के द्वारा आधार प्रमाणीकरण की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आधार प्रमाणीकरण नहीं होने की दशा में उक्त योजना की पात्रता सूची में नाम नहीं सम्मिलित होगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र/ छात्रा का होगा।

ह0/-
कुलसचिव

पृ0सं0/मा0प्रौ0वि0/कुस0का0/ 60 /2024 दिनांकः 07, सितम्बर 2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01 समस्त अधिष्ठाता।

02 समस्त विभागाध्यक्ष/ छात्रावास अधीक्षक को इस आशय से कि उक्त सूचना को विभागीय/ छात्रावास सूचना पट्ट पर छात्र-छात्राओं के सूचनार्थ चस्पा करवाने का कष्ट करें।

03 वित्त नियन्त्रक।

04 श्री के0एम0 पाठक।

05 बेबमास्टर विश्वविद्यालय वेबसाईट को उक्त सूचना वेबसाईट पर सूचनार्थ अपलोड करने हेतु।

06 कुलसचिव कार्यालय (गार्ड फाईल)।

07 वै0स0 कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।

कुलसचिव 7/9/2024